सर्वोच्च प्राथमिकता/तत्काल
संख्या–1274/81–4–2020

प्रेषक,

डॉ0 दीपक कोहली,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
वन्य जीव/सदस्य सचिव,
उ0प्र0 राज्य वन्यजीव बोर्ड,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**पर्यावरण, वन एव जलवायु परिवर्तन अनुभाग–4** लखनऊ, दिनांक 05 नवम्बर, 2020

विषय–जनपद–मुजफ्फरनगर में श्री शुकदेव आश्रम स्वामी कल्याण देव सेवा ट्रस्ट, शुक्रताल, मुजफ्फरनगर को 05 एकड़ वन भूमि का अग्रेत्तर 30 वर्षों हेतु (दिनांक 01.01.2010 से दिनांक 31.12.2039 तक) लीज नवीनीकरण की अनुमति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 राज्य वन्यजीव बोर्ड की 8वीं एवं 9वीं बैठक के क्रम में क्रमशः शासन के पत्र संख्या–2218/14–4–2018–809/1992 दिनांक 02.09.2018 एवं पत्र संख्या–1178/81–4–2019–809/1992 दिनांक 25.11.2019 द्वारा निर्गत कार्यवृत्त में दी गयी संस्तुति/निर्देश का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2– उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद–मुजफ्फरनगर में श्री शुकदेव आश्रम स्वामी कल्याण देव सेवा ट्रस्ट, शुक्रताल, मुजफ्फरनगर को 05 एकड़ वन भूमि का अग्रेत्तर 30 वर्षों हेतु (दिनांक 01.01.2010 से दिनांक 31.12.2039 तक) लीज नवीनीकरण विषयक प्रस्ताव राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति के विचारार्थ/अनुमोदनार्थ भारत सरकार को प्रेषित किये जाने पर मा0 मंत्रि–परिषद का अनुमोदन प्राप्त हो गया है। अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया विषयगत प्रकरण में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति के विचारार्थ भारत सरकार को प्रेषित किये जाने हेतु वांछित प्रस्ताव शासन को ***सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर*** तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रकरण मा0 मंत्रि–परिषद के आदेश से आच्छादित है। अतः समयबद्धता/व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

सर्वेयर
आ0 [illegible]
प्र0नि0
10/12
8/12

क्रमांक 2431 दिनांक 10/12/2020
फाईल संख्या 14-10
कार्यालय प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मुजफ्फरनगर

भवदीय,

(डॉ0 दीपक कोहली)
संयुक्त सचिव

**संख्या व दिनांक तदैव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– वन संरक्षक, सहारनपुर वृत्त, सहारनपुर, उ0प्र0।
2– प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर।
3– गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(डॉ0 दीपक कोहली)
संयुक्त सचिव।

कार्यालय वन संरक्षक सहारनपुर वृत्त सहारनपुर
पत्रांक 1805 /14-10 (मु0नगर) दि0 09/12/2020
प्रतिलिपि प्रभागीय निदेशक, सा0 वा0 प्रभाग, मु0नगर को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार वांछित प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

parthmamdmdell.gen

अग्रप्रेषित

(सुरेश चन्द्र पाण्डे)

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक
सहारनपुर वृत्त
सहारनपुर